फा .सं .1704813/1/2022--मा (समन्वय) .(ई-21449)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,

प्रथम तल, 36, जनपथ, नई दिल्ली

दिनांक 13 अप्रैल, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः मत्स्यपालन विभाग द्वारा मार्च, 2023 माह् के के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और मार्च, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

आन्सी

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)

सहायक आयुक्त

प्रति

मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ : श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली
4. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**<u>मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में मार्च, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां</u>**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (एफएएचडी), श्री परशोत्तम रूपाला ने 2-3 मार्च, 2023 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में बारामूला का दौरा किया और जिले में मात्स्यिकी और जलीय कृषि के विकास के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और गतिविधियों के वास्तविक कार्यान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जलीय कृषि विकास इकाइयों और परिवहन सुविधाओं की स्थापना के लिए लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और अनुमति पत्र वितरित किए और मत्स्य किसानों और मछुआरों के साथ बातचीत भी की।
2. सागर परिक्रमा कार्यक्रम का चरण-4, 18-19 मार्च, 2023 के दौरान आयोजित किया गया था: यह 18-03-2023 को कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के करवार में बैथकोल वाणिज्यिक बंदरगाह से शुरू हुआ और उत्तर कन्नड़ जिले के मजली, कारवार, जिला रंगमंदिरा, बेलंबरा, मनकी और मुर्देश्वर और दक्षिण कन्नड़ जिले के अल्वेकोडी जेटी, मालपे बंदरगाह, उच्छिला और मैंगलोर के मछुआरा आवासों को कवर करते हुए 19-03-2023 को मैंगलोर, दक्षिण कन्नड़, कर्नाटक में समाप्त हुआ। यात्रा विरामों के दौरान, मछुआरों के साथ बातचीत की गई, केसीसी कार्ड वितरित किए गए और मछुआरों द्वारा बताई गई समस्याओं को कार्रवाई के लिए नोट किया गया। माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री का सानिध्य पूरे कार्यक्रम में रहा और माननीय राज्यमंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, माननीय मत्स्यपालन मंत्री, कर्नाटक सरकार, कर्नाटक सरकार के अधिकारियों और स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधिगण भी साथ थे। कार्यक्रम में मछुआरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।
3. माननीय राज्य मंत्री (एमओएस), मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी की गुयाना गणराज्य के कृषि मंत्री श्री जुल्फिकार मुस्तफा के साथ बैठक 21 मार्च, 2023 को हुई थी। आपसी सहयोग के संभावित क्षेत्र और भारत द्वारा दी जाने सकने वाली आवश्यक तकनीकी सहायता पर चर्चा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच संयुक्त उद्यम / साझेदारी पर भी बातचीत हुई।
4. पीएमएमएसवाई के तहत विभिन्न प्रस्तावों पर विचार करने के लिए पीएमएमएसवाई की केंद्रीय शीर्ष समिति (सीएसी) की 10वीं बैठक 1 मार्च, 2023 और 27 मार्च, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से आयोजित की गई थी। सीएसी ने अन्य बातों के साथ-साथ, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी

विपणन संघ (नाफेड) द्वारा मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) की स्थापना के लिए 494.06 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के प्रस्तावों को मंजूरी दी।

5. 39वीं, 40वीं और 41वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की बैठकें क्रमशः 17, 25 और 29 मार्च, 2023 को आयोजित की गईं और 2744.82 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाली परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। पीएसी ने आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड, ओडिशा, तमिलनाडु, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल की परियोजानओं और उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश के एकीकृत एक्वा पार्क और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) की मंजूरी के लिए 2133.38 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय की सिफारिश की।

6. श्री जोंग-जिन किम, सहायक महानिदेशक और क्षेत्रीय प्रतिनिधि और श्री अजीज एलबेहरी, खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के प्रतिनिधि के साथ बैठक 17 मार्च, 2023 को आयोजित की गई थी जिसमें मात्स्यिकी और जलीय कृषि के क्षेत्र में एफएओ के साथ तकनीकी सहयोग के संभावित क्षेत्र में पर चर्चा की गई।

7. 24 मार्च, 2023 को हुई अपनी बैठक में मंत्रिमंडल ने संसद में पेश करने के लिए तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दी। सीएए (संशोधन) विधेयक, 2023 का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा सीएए अधिनियम के तहत अपराधों का गैर-अपराधिकरण, पर्यावरण के अनुकूल तटीय जलीय कृषि के नए रूपों को बढ़ावा देने, एंटीबायोटिक दवाओं और फार्माकोलॉजिकल एक्टिव सब्सटेंस के उपयोग को रोकने, पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी तरीके से उत्पादन, उत्पादकता और ट्रेसबिलिटी को बढ़ावा देना है।

8. जलीय कृषि में रोगों को रोकने के महत्व को समझते हुए राष्ट्रीय जलीय पशु रोग निगरानी कार्यक्रम (एनएएसपीएडी) चरण-द्वितीय के संबंध में समीक्षा आयोजित की गई। विचार-विमर्श का फोकस मत्स्य और मात्स्यिकी उत्पादों को एग्जॉटिक पैथोजेंस से मुक्त रखने, रसायनों/दवाओं के तर्कसंगत उपयोग, मत्स्य रोगों की समय पर रिपोर्ट करने और एक्वाकल्चरिस्ट को बीमारियों के संबंध में समय पर समाधान प्रदान करने पर था।

9. सीएए ने अपना नया लोगो जारी किया और 23 मार्च, 2023 को एक आधिकारिक समारोह में फार्मों और हैचरी में पंजीकरण के डाउनलोड करने योग्य डिजिटल प्रमाणपत्र और एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने की नई सुविधा भी शुरू की।

10. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 10 मार्च, 2023 को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय सहकारी विकास बोर्ड (एनसीडीसी) और संबंधित राज्य सरकारों के साथ फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ) के तहत अनुमोदित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

11. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) और उपायुक्त (मात्स्यिकी) ने 15 मार्च, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के व्यापार और सतत विकास ट्रैक पर वार्ता में भाग लिया।

12. 21-24 मार्च, 2023 को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में आयोजित मत्स्य सप्ताह के दौरान, संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से 6एलएटीएस (अर्जेंटीना, अर्जेंटीना, पनामा, कोस्टा रिका, कोलंबिया, उरुग्वे और पेरू), एसीपी (अफ्रीकी, कैरेबियन और प्रशांत राज्य समूह) और नॉर्वे और आइसलैंड के साथ विभिन्न मात्स्यिकी सब्सिडी से संबंधित बहुपक्षीय/द्विपक्षीय बैठकों में भाग लिया।

13. आइसलैंड के साथ सतत मात्स्यिकी विकास के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक 22 मार्च, 2023 को वीसी के माध्यम से आयोजित की गई और सहयोग के संभावित क्षेत्रों जैसे ठंडे पानी की मात्स्यिकी, फिशरीज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट, समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों का प्रबंधन, पोस्ट हार्वेस्ट आदि पर चर्चा हुई।

14. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने माह के दौरान क्रमशः 22,100 और 81,600 व्यक्तियों को कवर करते हुए 13 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों और 64 आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया।

15. मार्च, 2023 के दौरान तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और गुजरात से प्राप्त हैचरियों, फार्मों के पंजीकरण, फार्मों के नवीनीकरण, एंटीबायोटिक मुक्त पदार्थों के अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 200 आवेदनों पर कार्रवाई की आंध्र प्रदेश में 02 हैचरी का निरीक्षण किया और विशिष्ट रोगजनक मुक्त (एसपीएफ) लिटोपेनियस वन्नामेई के उत्पादन के लिए 01 हैचरी के आवेदनों पर, केरल में झींगा फार्मों के पंजीकरण के लिए 09 आवेदन, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और गुजरात और में झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 117 आवेदन, एक्वा इनपुट निर्माता/वितरक कंपनियों की 17 कंपनियों से एंटीबायोटिक मुक्त इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 55 आवेदनों पर कार्रवाई की।

16. केंद्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरिंग संस्थान (साइसेफ) ने कर्नाटक में 6 मत्स्यन बंदरगाह/मत्स्य लैंडिंग सेंटर के आधुनिकीकरण और ड्रेजिंग के लिए तकनीकी मूल्यांकन किया।
17. केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट) ने 114 मछुआरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया।
18. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के चार (4) मत्स्यन जहाजों ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अलावा, महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 22-31 मार्च 2023 के दौरान दक्षिणी हिंद महासागर मात्स्यिकी समझौते (एसओआईएफए) पर 8वीं वैज्ञानिक समिति में भाग लिया। 2-4 मार्च, 2023 के दौरान क्षेत्रीय निदेशक, एफएसआई, कोच्चि ने न्यूयॉर्क, यूनाइटेड स्टेट्स में आयोजित राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से भिन्न क्षेत्रों की समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग पर यूनाईटेड नेशन्स कनवेनशन ऑन द लॉ ऑफ द सी के तहत एक अंतरराष्ट्रीय बाध्यकारी कानून पर अंतर सरकारी सम्मेलन में भाग लिया।
19. माह के दौरान राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान (निफेट) 1008 प्रशिक्षु दिनों सहित 240 समुद्री मछुआरा महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
20. जन शिकायतें: 31 मार्च, 2023 तक मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायतों का निपटान 95% था।

***